# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email- jdanic-jod-rj@nic.in वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 021-2612086


क्रमांकः– टीसीबी / 2018 / दिनांकः–

## बैठक कार्यवाही विवरण

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक दिनांक 22 अक्टूबर 2018 को प्रातः 11.00 बजे श्री दुर्गेश कुमार बिस्सा आर.ए.एस आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में प्राधिकरण स्थित कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट–1 पर संलग्न है।

**एजेण्डा नं. 1.** :– गत बैठक दिनांक 24 जनवरी 2018 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि ।

**निर्णय** :– अध्यक्ष महोदय द्वारा गत बैठक दिनांक 24 जनवरी 2018 में लिये गये की पुष्टि की गई।

**एजेण्डा नं. 2.** :– कार्यालय पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर के पत्र क्रमांक य. 2( ) जोधपुर पु. उपा. याता./2018/4460–4466 दिनांक 04.10.2018 द्वारा प्रस्तुत निम्न बिन्दुओ पर–

(1) दुकानों के बरामदों तथ फुटपाथ पर अतिक्रमण :–

**निर्णय** :– समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि नई सडक पर बनी दुकानो के आगे बरामदो एवं फुटपाथ पर किये अतिक्रमणों को नगर निगम व डी.सी.पी. को निर्देशित किया गया है कि आगामी एक सप्ताह के अन्दर–अन्दर अतिक्रमण हटाकर पालना रिपोर्ट पेश की जावें एवं निगरानी भी रखी जावें ।

(2) कतिपय मार्गो को वैण्डिंग/नो वैण्डिंग ज़ोन घोषित करना :–

**निर्णय** :– समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि जोधपुर शहर में हाथ–थैलों को स्थाई एवं घूमते रहने के लिए वैण्डिंग/नौ वैण्डिग जोन को चिन्हित करने के लिए नगर निगम व शहरी यातायात को निर्देशित किया गया कि वह एक टीम का गठन कर उन्हे नियंत्रित करने का कार्य करेंगें ।

(3) नगर निगम के कचरा परिवहन वाहनो का शहर के व्यस्तम क्षैत्र में व्यस्तम समय में परिवहन निषेध करना :–

**निर्णय** :– समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि नगर निगम के सफाई निरीक्षकों को नगर निगम द्वारा निर्देशित किया जावें कि जोधपुर शहर में कचरा–परिवहन का आवागमन कचरा ले जाने हेतू शहर के व्यस्तम समय में नहीं लाया जावें बल्कि ऐसा समय निश्चित करें, जिस से शहर में यातायात सुचारू रूप से हो सके । समय प्रातः 8 से 10 बजे तक का रखा जावें ।

(4) व्यवसायिक क्षैत्रों में लोडिंग वाहनों की समस्या का प्रबन्धन :–

**निर्णय** :– समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि यातायात पुलिस विभाग द्वारा अपने स्तर पर लोडिंग वाहनों का समय स्वयं निर्धारित करेगें ।

(5) <u>शहर के व्यस्तम क्षैत्र के सडक संकेतक व रोड फर्नीचर का अभाव</u> :–

**निर्णय** :– समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि नगर निगम क्षैत्र व प्राधिकरण के क्षैत्र में सडक संकेतक व रोड फर्नीचर का कार्य करेंगे ।

(6) <u>सडको पर गढ्ढे व रैलिंग का मरम्मत कार्य</u> :–

**निर्णय** :– समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि सडकों पर गढ्ढे भरवाने एवं रेल्वे स्टेशन से हाईकोर्ट रोड पर रैलिंग लगाने का कार्य प्राधिकरण अपने स्तर पर करवा कर आगामी बैठक में पालना रिपोर्अ प्रस्तुत करेंगे ।

(7) <u>वाहनों की पार्किंग हेतु विभिन्न पार्किंग स्थल चिन्हित करना</u> :–

**निर्णय** :– समिति द्वारा निर्णय लिया गया किं नगर निगम व पुलिस यातायात विभाग द्वारा वाहनों की पार्किंग हेतु एक समिति का गठन कर विभिन्न स्थानो पर पार्किंग के स्थल को चिन्हित कर सूची प्रस्तुत करेंगें ।

(8) <u>चार पहिया वाहनो का नो–पार्किंग जोन में खडा होना</u> :–

**निर्णय** :– समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि वर्तमान में गांधी मैदान में अण्डर ग्राउण्ड पार्किंग का निर्माण किया गया है वहा पर डी.सी.पी. (याता.) द्वारा व्यवसायियों के साथ बैठक कर पार्किंग स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था की जावे तथा सरदारपुरा क्षैत्र को नो–पार्किंग जोन घोषित किया जावे साथ ही नई सडक पार्किंग व्यवस्था हेतु प्रमुख शासन सचिव जयपुर की अध्यक्षकता में हुई बैठक की कार्यवाही विवरण प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया ।

-S d-
**अरूण पुरोहित**
**(RAS)**
**सचिव**
**जोधपुर विकास प्राधिकरण**
**जोधपुर**

**क्रमांकः– टीसीबी / 2018 /** 69–86 **दिनांकः–** 27/11/2018

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

01. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, नगरीय विकास विभाग एवं आवासन विभाग राजस्थान जयपुर
02. जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर
03. पुलिस उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / मुख्यालय एवं यातायात / पुलिस अधीक्षण–ग्रामीण, जोधपुर
04. आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
05. सचिव महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
06. मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम, जोधपुर
07. महाप्रबन्धक (प्रचालन) राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर
08. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जोधपुर

09. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर
10. अपर मुख्य अभियन्ता,जोधपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
11. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर
12. कमाण्डर 45 सीमा सडक कृतिक बल, जालम विलास, जोधपुर
13. निदेशक–अभियांत्रिकी / आयोजना / वित / विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
14. उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / उतर / दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
15. अधीक्षण अभियन्ता–प्रथम / द्वितीय / तृतीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
16. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
17. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को कार्यावाही विवरण का अंकन वेब–साईट पर करने तथा संबधित अधिकारियों को जरिये ई–मेल प्रेषित करने हेतु प्रेषित है ।
18. ..................................................................................................................................

अरूण पुरोहित
(RAS)
सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

दिनांक 22 अक्टूबर 2018 को प्रातः 11.00 बजे श्री दुर्गेश कुमार बिस्सा आर.ए.एस. आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में जोधपुर यातायात नियंत्रया बोर्ड की बैठक आयोजित हुई बैठक में उपस्थित अधिकारीगणों की उपस्थिति निम्न प्रंकार है –

| क्र. सं. | नाम अधिकारी मय पदनाम व विभाग |
|---|---|
| 1. | डा. गगनद्वीप आई.पी.एस., पुलिस उपायुक्त (यातायात) जोधपुर |
| 2. | अरूण कुमार पुरोहित, सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 3. | तुलसी दास शर्मा, निदेशक वित, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 4. | पी.आर. बेनीवाल, निदेशक आयोजना, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 5. | जगदीश कुमार, निदेशक विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 6. | सुमन भाटी, ए.आर.टी.ओ., प्रादेशिक परिवहन विभाग, जोधपुर |
| 7. | बी.आर. बेरा, प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम जोधपुर |
| 8. | दिनेश शर्मा, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, प्रादेशिक परिवहन विभाग जोधपुर |
| 9. | मोहन लाल गर्ग एस.पी.ओ. जे.डी.आर.(आर) |
| 10. | जे.एस. कच्छावाह, ए.सी.ई., पी.डब्ल्यू. जोधपुर |